भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4123

जिसका उत्तर 12.12.2019 को दिया जाना है

मणिपुर में राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

4123. डॉ॰ लोरहो फोज़ः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मणिपुर में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है और इस प्रयोजनार्थ खर्च/स्वीकृत राशि का राष्ट्रीय राजमार्ग-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा का राष्ट्रीय राजमार्ग-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त राष्ट्रीय राजमार्गों पर काम में तेजी लाने के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) मणिपुर राज्य में 1,606 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 159.85 किलोमीटर की लंबाई वाली 10 परियोजनाएं प्रगति में हैं। चल रही परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-I पर है। धनराशि राज्य-वार आवंटित की जाती है रारा-वार नहीं। पिछले पांच वर्षों के दौरान मणिपुर में राज्य पीडब्ल्यूडी को सौंपे गए रारा के विकास के लिए खर्च की गई राशि और स्वीकृत परियोजनाएं निम्नानुसार हैं:

वर्ष	खर्च की गई राशि (करोड़ रुपये में)	स्वीकृत परियोजनाएं (करोड़ रुपए में)
2014-15	47.48	107.29
2015-16	47.75	15.37
2016-17	34.51	918.20
2017-18	197.03	935.79
2018-19	650.51	28.78

(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने के लिए, विभिन्न कदम उठाए जाते हैं, जिसमें भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी को व्यवस्थित बनाने, प्रीमियम का पुन: निर्धारण, अन्य संबंधित मंत्रालयों के साथ घनिष्ठ समन्वय, विवाद समाधान तंत्र का पुनरोद्धार, सड़क निर्माण में शामिल सभी हितधारकों के साथ विभिन्न स्तरों पर प्रगति की लगातार समीक्षा शामिल है।

‘**मणिपुर में राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण**’ के संबंध में श्री डॉ॰ लोरहो फोज़ द्वारा पूछे गए दिनांक 12.12.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 4123 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित **अनुलग्नक**

क्र. सं.	क्रियान्वयन एजेंसी	परियोजना का नाम	लंबाई (किमी)	लागत (करोड़ रुपये में)	भौतिक प्रगति %	लक्ष्य पूरा होने की तिथि
1	राज्य पीडब्ल्यूडी	रारा-150 पर सवामबंग ब्रिज और किमी 475.030 पर पहुंच मार्गों का निर्माण ।	पुल	14.15	58	30-6 -2020
2	राज्य पीडब्ल्यूडी	एनएच-39 पर किलोमीटर 407.450 पर लोचाओ पुल का निर्माण।	पुल	39.18	60	10-02-2020
3	राज्य पीडब्ल्यूडी	माओ से सेनापति किमी 212.325 से किलोमीटर 260.000 (47.675 किमी) तक मौजूदा दो लेन का पेव्ड शोल्डर के साथ सुदृढीकरण	47.67	235.31	58	31-10-2020
4	राज्य पीडब्ल्यूडी	सेनापति से कंगपोकपी तक किमी 260.000 से किलोमीटर 287.00 तक मौजूदा दो लेन का पेव्ड शोल्डर के साथ सुदृढीकरण	27.00	139.87	88	31-10-2020
5	राज्य पीडब्ल्यूडी	कोईरेंगेइ से इम्फाल किमी 304.00 से किलोमीटर 318.840 तक मौजूदा दो लेन का पेव्ड शोल्डर के साथ सुदृढीकरण	14.84	80.89	45	02-04-2020
6	राज्य पीडब्ल्यूडी	रारा-150 पर किमी 402.00 से किमी 412.00 तक मौजूदा दो लेन के पेव्मेंट का सुदृढ़ीकरण और पेव्ड शोल्डर उपलब्ध कराना	10.00	39.34	39	21-08-2020
7	राज्य पीडब्ल्यूडी	रारा-150 (नया रारा -02) के किमी 462 से 464 और रारा 39(नया रारा-102) के किमी 320 में, जंक्शन, फुट ओवर ब्रिज, फुटपाथ, रोड साइन्स, संकेतक आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा कार्य।	सड़क सुरक्षा	18.30	87	23-12-2019
8	राज्य पीडब्ल्यूडी	रारा-137क के किमी 15.35 से किमी 30.00 तक इम्फाल- काकचिंग लमखाई खंड के मौजूदा पेव्मेंट का सुदृढ़ीकरण	14.65	28.77	-	एलओए जारी किया गया।
9	एनएचआईडीसीएल	राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के किमी 350.000 से किमी 395.680 तक इंफाल - मोरेह खंड को दो लेन का बनाया जाना (पैकेज II)	45.68	868.75	32	15-10-2021
10	एनएचआईडीसीएल	बराक और मकरू नदी पर स्थायी इस्पात पुल का निर्माण।	पुल	141	33	24-04-2020

*****